



# नव वर्ष की तैयारी में जुटा शहर, टाइगर सफारी और पर्यटन स्थलों पर उमड़ेंगी भीड़

## मुकुंदपुर जू प्रबंधन ने की विशेष तैयारियां, रेस्टोरेंट-होटलों में चल रही तैयारी, सुबह देवालयों में लगेगी भीड़

नवभारत न्यूज

**रीवा, 29 दिसम्बर, नववर्ष 2026 के आगमन और वर्ष 2025 की विदाई में कुछ ही घंटो का इंतजार शेष है. इस बार नववर्ष के स्वागत और जश्न को लेकर सभी जगह तैयारी च रही है. रेस्टोरेंट, होटल एवं बीयर बार में सजावट के साथ ग्राहको को लुभाने के लिये कई आफर दिये गये है.**




वही बाहर के कलाकारो कों बुलाया गया है जो नववर्ष के जश्न में चार-चांद लगाएगे. पर्यटक स्थलो पर भी विशेष तैयारी की गई है, साथ ही सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये है. मुकुन्दपुर जू प्रबंधन ने व्हाइट टाइगर सफारी में विशेष तैयारियां की है ताकि पर्यटको को किसी तरह की असुविधा न हो. गौरतलब है कि वर्ष 2026 के स्वागत में तैयारियां चल रही है. 31 दिसम्बर को रंगारंग कार्यक्रम के साथ 2025 की विदाई होगी और रात 12 बजे नूतन वर्ष का स्वागत. सुरक्षा को लेकर पुलिस अभी से चौकन्ना हो गई है. रात्रि कालीन चेकिंग और गश्त बढ़ा दी गई है. इसके साथ ही पर्यटक स्थलो पर भी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये है. ताकि किसी तरह की दिक्कत न हो.

### साप्ताहिक अवकाश में खुला रहेगा जू

वर्ष 2025 की विदाई और नव वर्ष 2026 के स्वागत के लिए महाराजा मार्तण्ड सिंह जूदेव व्हाइट टाइगर सफारी एण्ड जू, मुकुंदपुर पूरी तरह तैयार है. पर्यटकों की भीड़ की संभावना को देखते हुए जू प्रबंधन ने इस बार विशेष इंतजाम किए हैं. आमतौर पर प्रत्येक बुधवार को मुकुंदपुर जू का साप्ताहिक अवकाश रहता है. लेकिन इस बार 31 दिसंबर और एक जनवरी 2026 को पर्यटकों की सुविधा के लिए जू को खुला रखने का निर्णय लिया गया है. जू प्रबंधन द्वारा भीड़ को नियंत्रित करने और पर्यटकों की सुविधा के लिए व्यवस्थाएं की गई हैं.

### मंदिर और पर्यटक स्थल पर उमड़ेगी भीड़

नववर्ष के दिन जिले के प्रसिद्ध मंदिर और पर्यटक स्थल पर भीड़ पहुंचती है. रीवा स्थित किला महामृत्युंजय मंदिर, देवतालाब शिव मंदिर, सांई मंदिर, घिनौची धाम, चिरहुला मंदिर, मनकामेश्वर मंदिर कोठी कम्पाउंड, खंधो माँ कालिका मंदिर सहित पर्यटक स्थलो में भीड़ पहुंचेगी. जहा सुरक्षा के इंतजाम किये गये है.

### 8 काउंटरों से मिलेगा पर्यटकों को टिकट

इस संबंध में संचालक व्हाइट टाइगर सफारी ने बताया कि पर्यटकों को टिकट के लिए लंबी कतारों से बचने के लिए 8 काउंटर संचालित किए जाएंगे. वाहनों के लिए 4 अलग-अलग पार्किंग स्थल बनाए गए हैं. जू के कर्मचारियों के अलावा सतना और रीवा वनमण्डल से भी अतिरिक्त अधिकारियों और कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है. सुरक्षा के लिए पुलिस प्रशासन, चिकित्सा दल और फायर ब्रिगेड की टीमें भी मुस्तैद रहेंगी. संचालक द्वारा पर्यटकों के लिए एडवाइजरी भी जारी की गई है. पर्यटक जानवरों को परेशान न करें और न ही उन्हें बाहरी खाद्य सामग्री खिलाएं. जू के अंदर शोर न मचाने, निर्धारित रास्तों का ही उपयोग करने, अपने सामान की सुरक्षा स्वयं करने और बच्चों एवं बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखने की अपील पर्यटकों से की गई है. पर्यटक द्वारा निर्देशों का उल्लंघन वन्य जीव संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 38 (जे) के तहत दंडनीय अपराध है, जिसमें तीन से सात वर्ष तक की सजा का प्रावधान है.

# परीक्षा परिणाम में गड़बड़ी को लेकर छात्रों ने किया विरोध

## कुलसचिव को सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज

**रीवा, 29 दिसम्बर, अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा द्वारा जारी किए गए बीए, बीएससी, बीसीए प्रथम और द्वितीय वर्ष के परीक्षा परिणाम में गंभीर अनियमिकता और आरटीआई प्रक्रिया सहित शुल्क से संबंधित आपत्ति पर त्वरित सुधार के लिए आज कुल सचिव को छात्रों ने ज्ञापन सौंपा.**

छात्रों ने बताया कि हाल ही में विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालयों के बीए, बीएससी एवं बीसीए एवं प्रथम और द्वितीय वर्ष के परीक्षा परिणाम घोषित किए गए हैं, जिनमे असामान्य रूप से अत्यधिक संख्या में छात्रों को अनुतीर्ण दर्शाया गया है. यह स्थिति सामान्य शैक्षणिक प्रवृत्ति से परे है और मूल्यांकन प्रक्रिया की विश्वसनीयता पर गंभीर प्रश्न खड़े करती है. छात्रों ने कहा कि यदि परीक्षा परिणामी में त्रुटि या लापरवाही पाई जाती है, तो उसकी प्राथमिक जिम्मेदारी विश्वविद्यालय ओर उसकी मूल्यांकन प्रणाली की होती है. न कि छात्र-छात्राओं की. ऐसी स्थिति में छात्र-छात्राओं को अपनी ही उत्तरपुस्तिकाओं की सत्यता जाचने के लिए आरटीआई अधिनियम के अंतर्गत शुल्क जमा करने के लिए विवश करना अनुचित एवं अन्यायपूर्ण है.छात्रों का आरोप है कि किसी अन्य की त्रुटि या लापरवाही का आर्थिक दड छात्र-छात्राओं से वसूला जा रहा है, जबकि छात्र पहले ही परीक्षा शुल्क, विश्वविद्यालय शुल्क एवं अन्य शैक्षणिक शुल्क का भुगतान का चुके हैं. इसके अतिरिक्त, आरटीआई अधिनियम के अंतर्गत उत्तर पुस्तिका प्राप्त करने की 30 दिवस समय-सीमा के कारण समय पर उत्तरपुस्तिका उपलब्ध नहीं हो पा रही है, जबकि आगामी परीक्षा के लिए आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि 5 जनवरी 26 निर्धारित है. यदि उत्तर पुस्तिकाएँ विलंब से प्राप्त होती हैं, तो छात्र परीक्षा फॉर्म भरने से बंचित रह जाएंगे, जो उनके शैक्षणिक भविष्य के साथ गंभीर खिलवाड़ होगा. इस लिए संबंधित पाठ्यक्रमों के परीक्षा परिणामों की तत्काल पुन: समीक्षा पुनर्मूल्यांकन करवाई जाए. परिणामों में सभावित त्रुटि को दृष्टिगत रखते हुए छाडछात्राओं को आरटीआई के अंतर्गत उत्तरपुस्तिका प्रतिलिपि निशुल्क अथवा त्वरित विशेष प्रक्रिया से उपलब्ध कराई जाए.

## संक्षिप्त



### सुरेन्द्र जैन को आईपीएस बैच लगाकर एलिवेट किया

**रीवा,** पुलिस महानिदेशक भोपाल द्वारा आईपीएस अवॉर्ड पदोन्नति प्राप्तकर्ता अधिकारी सुरेंद्र कुमार जैन पुलिस अधीक्षक पीटीएस रीवा को उनके उत्कृष्ट सेवाकाल, अनुशासनात्मक कार्यशैली एवं सराहनीय योगदान के लिए स्टार लगाकर सम्मानित किया गया. इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक ने श्री जैन को पदोन्नति एवं आईपीएस अवॉर्ड प्राप्त होने पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनकी कार्यकुशलता, नेतृत्व क्षमता एवं कर्तव्यनिष्ठा पुलिस विभाग के लिए प्रेरणादायी है. उन्होंने आशा व्यक्त की कि श्री जैन भविष्य में भी पूर्ण निष्ठा एवं समर्पण के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करते रहेंगे.सम्मान समारोह के दौरान पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे. सभी ने श्री जैन को इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित कीं.

### विभागीय समीक्षा बैठक आज

**रीवा,** प्रभारी कलेक्टर सौरभ सोनवणे 30 दिसंबर को विभिन्न विभागों की समीक्षा करेंगी. कलेक्ट्रेट में दोपहर 12 .30 बजे से आयोजित बैठक में गत माहों में भोपाल में आयोजित कलेक्टर्स कांफ्रेंस में की गई समीक्षा के पालन प्रतिवेदन के तारतम्य में मुख्य सचिव द्वारा 31 दिसंबर को ली जाने वाली विभागीय समीक्षा से पूर्व विभिन्न बिन्दुओं पर समीक्षा की जायेगी. बैठक में नगर निगम, राजस्व, गृह, जिला पंचायत, वन, आर्थिक एवं सांख्यिकी, कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्य, चिकित्सा, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, आईडीसी, एमपी आईडीसी, एलडीएम, तकनीकी शिक्षा, नगरीय प्रशासन, शहरी विकास अभिकरण, लोक सेवा, सीएम हेल्पलाइन आरटीओ, स्कूल शिक्षा, जनजातीय कार्य एवं पीएचई विभाग के अधिकारियों को उपस्थिति के निर्देश दिये गये हैं.

### बिना लाइसेंस मेडिकल स्टोर का संचालन अवैधानिक

**रीवा,** बिना लायसेंस प्राप्त किये आयुर्वेद दवा, होम्योपैथी दवा का निर्माण एवं मेडिकल स्टोर का संचालन अवैधानिक है. जिला आयुष अधिकारी डॉ. शारदा मिश्रा ने जनसामान्य से अपील की है कि अपने आसपास ऐसे अवैध आयुर्वेदिक व होम्योपैथिक दवा निर्माण एवं मेडिकल स्टोर के संचालन की सूचना कार्यालय को दें ताकि संबंधितों के विरूद्ध कार्यवाही की जा सके.

### जिला नजूल निर्वर्तन समिति की बैठक कल

**मऊगंज,** मऊगंज जिले में नजूल भूमि आवंटन के प्रकरणों के निराकरण के लिए जिला नजूल निर्वर्तन समिति की बैठक 31 दिसम्बर आयोजित की गई है. बैठक कलेक्ट्रेट मऊगंज सभागार में सुबह 11 बजे आयोजित की जाएगी. कलेक्टर संजय कुमार जैन ने संबंधित अधिकारियों को बैठक में नियत समय में उपस्थिति के निर्देश दिए हैं.

### मऊगंज में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आज

**मऊगंज,** मऊगंज में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक 30 दिसम्बर को दोपहर एक बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की जा रही है. बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर संजय कुमार जैन करेंगे. अपर कलेक्टर पीके पाण्डेय ने समिति के सभी सदस्यों तथा संबंधित अधिकारियों से बैठक में उपस्थित का अनुरोध किया है.




### कलेक्टर ने हाटेश्वरनाथ मंदिर का किया निरीक्षण

**मऊगंज,** कलेक्टर संजय कुमार जैन ने हनुमना में हाटेश्वरनाथ मंदिर का निरीक्षण किया. कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान मंदिर में साफ-सफाई तथा अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी ली. कलेक्टर ने कहा कि मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए बेहतर व्यवस्था हो. सूखे कचरे एवं गीले कचरे के लिए अलग-अलग डस्टबिन का उपयोग करें. मंदिर परिसर में सफाई व्यवस्था बनाये रखें. कलेक्टर ने धर्मशाला निर्माण के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत करने और शौचालय का निर्माण कराने के निर्देश दिये.

# उप मुख्यमंत्री ने रीवा बायपास निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा की

नवभारत न्यूज

**रीवा, 29 दिसम्बर, उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने मंत्रालय, भोपाल में रीवा बायपास निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा की.**



बैठक में 6-लेन बायपास के अंतर्गत रतहरा चौराहा मार्ग के चौड़ीकरण और कैनाल क्रॉसिंग से जुड़े तकनीकी विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई. उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि रीवा बायपास निर्माण कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता पर रखा जाए और निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण किया जाए. उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि निर्माण के दौरान उत्पन्न होने वाली किसी भी तकनीकी अथवा प्रशासनिक समस्या को तत्काल उच्च स्तर में अग्रेषित किया जाए, ताकि समय पर समाधान सुनिश्चित किया जा सके और परियोजना में किसी प्रकार की देरी न हो. बैठक में सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय (मॉर्थ) के क्षेत्रीय अधिकारी रविन्द्र कुमार तथा एमपीआरडीसी के सीई राकेश जैन उपस्थित रहे.

# उपार्जन में लापरवाही में एक निलंबित, दो को थमाया नोटिस

नवभारत न्यूज

**रीवा, 29 दिसम्बर, जिले भर में निर्धारित खरीदी केन्द्रों में समर्थन मूल्य पर धान का उपार्जन किया जा रहा है. उपार्जन की राजस्व अधिकारियों तथा अन्य अधिकारियों द्वारा खरीदी केन्द्रों का भ्रमण करके निगरानी की जा रही है. इस संबंध में अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी ने बताया कि एसडीएम त्योंथर पीएस त्रिपाठी द्वारा खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण किया गया.**

खरीदी केन्द्र चन्द्रपुर में प्रदीप तिवारी तथा समिति प्रबंधक परसिया शैलेन्द्र तिवारी द्वारा बड़ी मात्रा में अवैध धान का भण्डारण पाया गया. इसे गंभीर अनियमितता मानते हुए एसडीएम ने दोषियों के विरूद्ध एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए हैं. साथ ही एसडीएम ने उपार्जन केन्द्र परसिया क्रमांक एक के नोडल अधिकारी रामरती देवी एवं परसिया क्रमांक दो के नोडल अधिकारी ऊषा वर्मा को कारण बताओ नोटिस जारी किया है. अपर कलेक्टर ने बताया कि तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार द्वारा 27 दिसम्बर को खरीदी केन्द्र बड़ागांव का निरीक्षण किया गया. यहाँ भी भारी मात्रा में अवैध धान का भण्डारण पाया गया. एसडीएम त्योंथर ने इस संबंध में कार्यवाही करते हुए धान का भण्डारण करने वाले प्रमोद तिवारी तथा समिति प्रबंधक अमाव राजेन्द्र प्रसाद शर्मा के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी को दिए हैं. एसडीएम ने उपार्जन में गंभीर लापरवाही बरतने पर अमाव क्रमांक दो खरीदी केन्द्र के नोडल अधिकारी रवि कुमार कृषि विस्तार अधिकारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के निर्देश दिए हैं. इसी तरह तहसील सिरमौर में मझगवां में व्यापारी महेन्द्र गुप्ता के मकान से भी बड़ी मात्रा में अवैध रूप से भण्डारित धान जप्त की गई. महेन्द्र गुप्ता को भी धान के अवैध भण्डारण के संबंध में कारण बताओ नोटिस देकर कार्यवाही की जा रही है. कई खरीदी केन्द्रो की शिकायत की गई है.

# संगठन को मजबूत करने में सेवादल की अहम भूमिका है : भार्गव

नवभारत न्यूज

**रीवा, 29 दिसम्बर, कांग्रेस सेवादल शहर एवं ग्रामीण के संयुक्त तत्वावधान में कांग्रेस सेवादल की संभागीय बैठक श्री हनुमान वाटिका रतहरा कोष्टा में कांग्रेस सेवादल के प्रदेश अध्यक्ष अवनीश भार्गव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई.**



बैठक में कांग्रेस सेवादल के कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों को आगामी समय में संगठन के विस्तार, मजबूती एवं अनुशासनात्मक ढांचे को और अधिक सुदृढ़ करने के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई. प्रदेश अध्यक्ष अवनीश भार्गव ने अपने संबोधन में कहा कि कांग्रेस सेवादल पार्टी की रीढ़ है और जमीनी स्तर पर संगठन को मजबूत करने में सेवादल की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है. उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठनात्मक एकजुटता, प्रशिक्षण और सक्रिय सहभागिता के माध्यम से कांग्रेस विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाने का आह्वान किया. बैठक के दौरान कांग्रेस सेवादल की नेशनल ट्रेनिंग प्राप्त वरिष्ठजनों का सम्मान भी किया गया.कार्यक्रम में यंग ब्रिगेड सेवादल के प्रदेश अध्यक्ष गजेन्द्र तिवारी, पूर्व राज्यसभा सांसद राजमणि पटेल, पूर्व मंत्री राजेन्द्र मिश्रा, प्रदेश प्रवक्ता विनोद शर्मा, कुंवर सिंह पटेल आदि पदाधिकारी मौजूद रहे.

### श्रीमती रामवती तिवारी का दु:खद निधन

**रीवा, 29 दिसम्बर,** पूर्व जिला पंचायत सदस्य दीनानाथ तिवारी दादू की माता श्रीमती रामवती तिवारी का सोमवार की सुबह दु:खद निधन हो गया. स्व. रामवती तिवारी का जीवन सादगी एवं पारिवारिक मूल्यो पर आधारित रहा. उनके निधन से परिवारजनो को गहरा आघात पहुंचा है. पूर्व विधायक लक्ष्मण तिवारी की चाची थी.



# न्यूनतम तापमान में उछाल और अधिकतम में गिरावट

नवभारत न्यूज

**रीवा, 29 दिसम्बर, कड़ाके की ठंड जिले में पड़ रही है शीत लहर और ठंड से राहत नही मिल रही है. 24 घंटे बाद न्यूनतम तापमान में उछाल आया और सीधे 3 डिग्री से 9 डिग्री पहुंच गया. जबकि दिन के अधिकतम तापमान में दो डिग्री गिरावट दर्ज की गई है.**

दिन भर धूप रही और तापमान 20.2 डिग्री रहा. 6 किलो मीटर प्रति घंटे की रफ्तार से शीत लहर चलती रही. जिसके चलते दिन भर गलन भरी ठंड रही, लोग कांपते नजर आए. ठंड से राहत नही मिल रही है, भले ही धूप खिली है. इस समय घना कोहरा नही पड़ रहा है सोमवार की सुबह हल्के बादल थे और 10 बजे के बाद सूर्यदेव के दर्शन हुए, दोपहर भी हल्के बादल छाए रहे. कड़ाके की ठंड के चलते जनजीवन प्रभावित है. वही दिल्ली से चलकर रीवा आने वाली आनंद बिहारी ट्रेन लगातार अपने निर्धारित समय से लेट चल रही है. सोमवार को भी शाम को ट्रेन रीवा पहुंची, इस समय दिल्ली से आने वाले यात्रियो की फजीहत हो रही है. दरअसल यूपी में पड़ रहे घने कोहरे के कारण ट्रेन पिट रही है. पिछले एक पखवाड़े से रीवा-आनंद बिहार का यही हाल है. सुबह 11.5 बजे स्टेशन आने का समय है, समय पर न आने के कारण वापस जाने में भी देरी हो रही है यात्री परेशान है.

# अब तक जिले में 2 लाख 73 हजार टन धान की हुई खरीद

नवभारत न्यूज

**रीवा, 29 दिसम्बर, जिले में 96 खरीदी केन्द्रों में पंजीकृत किसानों से समर्थन मूल्य पर धान का उपार्जन किया जा रहा है. बाहर से आने वाली धान एवं खरीदी केन्द्रो में चल रही अनियमितता पर अंकुश नही लग पा रहा है. वही किसानों का भुगतान समय पर नही हो रहा है.**



जिले में 29 दिसम्बर तक 45296 किसानों से दो लाख 73 हजार 767 टन धान का उपार्जन किया जा चुका है. इस संबंध में अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी ने बताया कि अब तक 63 हजार 122 किसानों ने उपार्जन के लिए स्लॉट बुक किए हैं. कुल खरीदे गए धान में से एक लाख 96 हजार 527 टन धान का परिवहन करके सुरक्षित भण्डारण कराया जा चुका है. कुल खरीदी में से दो लाख 64 हजार 411 टन धान परिवहन के लिए तैयार है. अब तक गोदाम स्तरीय खरीदी केन्द्रों में 93 प्रतिशत तथा समिति स्तरीय खरीदी केन्द्रों में खरीदी गई धान के 84 प्रतिशत के स्वीकृति पत्र जारी किए जा चुके हैं. किसानों को 599 करोड़ 50 लाख का भुगतान मंजूर किया गया है तथा 292 करोड़ 83 लाख रुपए का किसानों के बैंक खाते में भुगतान किया जा चुका है. शेष किसानो का भुगतान बाकी है.

# दिव्यांगनों और वृद्धजनों के लिए सहायक उपकरण चिन्हांकन शिविर आज

नवभारत न्यूज

**रीवा, 29 दिसम्बर, दिव्यांगजनों एवं वृद्धजनों के लिए सहायक उपकरण चिन्हांकन शिविर का आयोजन 30 दिसंबर को किया जा रहा है.**

शिविर स्वागत भवन परिसर वृद्धाश्रम रीवा में रेडक्रॉस सोसायटी, सामाजिक न्याय विभाग एवं डीडीआरसी के संयुक्त तत्वावधान में सुबह 10 बजे से आयोजित किया जा रहा है. इस संबंध में रेडक्रॉस के चेयरमैन डॉ प्रभाकर चतुर्वेदी ने बताया है कि शिविर में एलिम्को कंपनी जबलपुर एवं सीआरसी छतरपुर की विशेष टीम द्वारा दिव्यांगजनों और वृद्धजनों का सहायक उपकरण के लिए चिन्हांकन किया जाएगा. जिन्हें पिछले तीन वर्षों में कोई भी सहायक उपकरण ट्राइसाइकिल, बैसाखी, श्रवण यंत्र (कान की मशीन), आईडी किट, स्मार्ट छड़ी, मोबाइल फोन, व्हीलचेयर, साधारण छड़ी, बैटरी ऑपरेटेड मोटराइज्ड साइकिल आदि प्राप्त नहीं हुए हैं वह दिव्यांग और वृद्धजन पहुंचे.

# कम्पाउडिंग प्रकरणों की कम प्रगति पर निगम आयुक्त ने लगाई फटकार

नवभारत न्यूज

**रीवा, 29 दिसम्बर, नगर निगम कमिश्नर डा. सौरभ सोनवणे ने टीएल प्रकरणों की समीक्षा की.**



शहर निगरानी में लगे 12 कैमरे बंद पाये गये इस संबंध में संविदाकार को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए. बैठक के दौरान निगम आयुक्त ने शहर में बन रहे एसटीपी पानी को रियूज करने की कार्ययोजना प्रस्तुत करने के निर्देश दिए. नए आने वाले 20 कचरा कलेक्शन वाहनों के नाइट स्वीपिंग के कचरा कलेक्शन के सिड्यूल बनाने के निर्देश दिए. साथ ही जिन वार्डो में कचरा कलेक्शन दुरूस्त नही है वहा नये वाहन डिप्लाय करने के निर्देश दिए. बिना बिल्डिंग परमीशन के कोई भी भवन निर्माण न हो. यह संज्ञान में आया है कि नये विकसित हो रहे वार्ड में भवनों का निर्माण तेजी से हो रहा है उन वार्डो में निरीक्षण कर कम्पाउडिंग की कार्यवाही सुनिश्चित करें, साथ ही नोटिस जारी कर नियम विरूद्ध हो रहे निर्माण पर भवन गिराने की कार्यवाही भी करें. पिछले वर्ष की तुलना में कम्पाउडिंग प्रकरणों की कम प्रगति पर फटकार लगाते हुए वित्तीय वर्ष मार्च तक 10 करोड़ का लक्ष्य निश्चित करते हुए वसूली करें. साथ ही विल्डिंग परमीशन के संबंध में लापरवाही बरतने पर समयपाल अनलपाल को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए. वही जोन 4 में अपेक्षित प्रगति न होने पर उपयंत्री सुवर्णा तिवारी को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए. उन्होनें अन्य विभागो को भवनों के संबंध में सख्त निर्देश दिए कि जिन विभागों द्वारा विल्डिंग परमीशन नही लिया गया है उन्हें नोटिस जारी करते हुए उनके निर्माण कार्य को तत्काल बंद कराया जाय. बैठक में अधिकारीण मौजूद रहे.